हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024



## खबर संक्षेप

### संजय बोले-बैज का बयान विष्णु के सुशासन पर मुहर

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुईं मुठभेड़ों को कभी पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुर में सुर मिलाकर फर्जी बताने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आखिरकार 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर यह तो स्वीकार कर ही लिया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद टारगेटेड एनकाउंटर हुए हैं और टारगेटेड एनकांटर में कोई आपत्ति नहीं है, बस्तर में शांति लौटनी चाहिए।

### असम उपचुनाव के स्टार प्रचारक होंगे विकास

रायपुर। असम उपचुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व



विधायक विकास उपाध्याय को शामिल किया गया है। एआईसीसी ने यहां के उप चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों के नाम निर्वाचन आयोग को दिया है, उसमें उनका नाम शामिल किया गया है। श्री उपाध्याय असम उनचुनाव के विशेष पर्यवेक्षक भी बनाए गए हैं। वहां के चुनाव की गतिविधियों पर पूरी तरह नजर रख रहे हैं।

### इंडिया गठबंधन एकजुटता से करेगा मुकाबला : साहू

रायपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों कि बैठक रखी गई, जिसमें मंथन के बाद यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़



में सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन एकजुटता से मुकाबला करेगा। इस वजह से रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन की विचारधारा विकासवाद, समावेशिता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर है। अपने प्रयासों को मिलाकर, सदस्य दलों का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना, कल्याण और प्रगति को बढ़ावा देना और उस विचारधारा का मुकाबला करना है, जो भारत के विचार को खतरे में डालती है।

# फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड का टेंडर निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर कहा है कि फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड द्वारा निकाले गए टेंडर को निरस्त करें। केंद्रीय खाद्य विभाग में सहायक निदेशक डॉ. प्रीति शुक्ला ने राज्य शासन के खाद्य सचिव से नाफेड की जांच कर अवगत कराने कहा है। नाफेड, यह फोर्टिफाइड चावल मार्कफेड के लिए खरीदी करता है। इससे पहले प्रदेश के राइस मिलर्स ने केंद्रीय खाद्य विभाग को शिकायत की थी, इसमें कहा गया था कि फोर्टिफाइड चावल की महत्वाकांक्षी योजना में लगने वाले एफआरके चावल के लिए छत्तीसगढ़ में नाफेड ने टेंडर बुलाया गया था। टेंडर में कुछ ऐसे नियम लगाए गए थे, जिससे कुछ विशेष निर्माताओं को ही लाभ हो। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के इस अनियमितता की शिकायत पर यह पत्र भेजा था। बताया गया है कि नाफेड ने इसी महीने 44 हजार टन चावल खरीदने का टेंडर जारी किया था।

**तीसरी बार हुआ टेंडर निरस्त :** नाफेड को यह फोर्टिफाइड राइस जनवरी-फरवरी में राज्य को देना था। दो बार टेंडर निकाला गया था उसमें टेंडर की शर्तों को लेकर शिकायत के बाद निरस्त किया गया। तीसरी बार जो टेंडर जारी किया गया उसमें भी कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का प्रयास था, इस बार नाफेड ले इसे निरस्त करने से मना कर दिया था, तब राइस मिलर एसोसिएशन ने इसकी शिकायत सीधे केंद्र के खाद्य मंत्रालय को किया।

## केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने नाफेड की जांच करने छत्तीसगढ़ शासन को लिखा पत्र

### कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप

छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन ने भी गंभीर आपत्तियां दर्ज की थी। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि नाफेड ने इस टेंडर में ऐसी शर्तें डाली थीं, जिसे कुछ खास कंपनियां ही पूरा कर सकती थीं। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से शिकायत कर दी थी कि फोर्टिफाइड राइस के टेंडर के जरिए नाफेड कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।



### नाफेड को सप्लाई का एकाधिकार

खरीफ वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार के आदेश के अनुसार राज्य के समस्त एफआरके निर्माताओं से इस चावल की खरीदी कर उसे मार्कफेड को सप्लाई करने का एकमेव एकाधिकार नाफेड अर्थात नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड जो कि भारत सरकार की एक बड़ी इकाई है, उसे दिया गया। आदेश के अनुसार अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी केवल नाफेड ही एफआरके की खरीदी राज्य के पंजीकृत एवं इम्पेनल निर्माता से ही कर सकेगा और मार्कफेड को विक्रय करेगा। मार्कफेड द्वारा उसे प्रदेश के राइस मिलर्स को प्रदाय किया जाएगा, जिसे प्रदेश के मिलर्स कस्टम मिलिंग के चावल में 1 प्रतिशत मिश्रित कर राज्य की चावल खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम एवं केंद्रीय चावल खरीदी एजेंसी भारतीय खाद्य निगम में सप्लाई करेंगे।

## सुनील सोनी को जीत दिलाएं, आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे

# सीएम साय बोले- कांग्रेस ने जनता की जेब से पैसे निकाले, भाजपा जेब में डाल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने 2018 में जनता से झूठे वादे करके सरकार बनाई और पिछले पांच वर्ष कांग्रेस ने सिर्फ लूटने का कार्य किया। कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता की जेब से पैसा निकालने का कार्य करती रही, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हमारी सरकार ने जनता की जेब में पैसा डालने का काम किया है।

श्री साय ने कहा, दीपावली से पहले देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महतारी वंदन का पैसा प्रदेश की बहनों के खाते में पहुंचाया है। उन्होंने कहा, प्रदेश के हर घर में नरेंद्र मोदी और भाजपा की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। सभी परिवारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, आप भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के लिए कमल का बटन दबाएं आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे।



### बृजमोहन बोले- बड़ी जीत का करें वादा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, हमारे समक्ष प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय उपस्थित हैं और आज आप सभी उन्हें एक वादा कीजिए की पुनः रायपुर दक्षिण की सीट बड़ी मार्जिन से भाजपा की झोली में डालेंगे और अपने प्रत्याशी सुनील सोनी को विधानसभा में दक्षिण का नेतृत्व करने पहुंचाएंगे। मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, रायपुर दक्षिण से लगातार आठ बार जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल के बारे में सवाल उठाकर भूपेश बघेल अपनी जगहसाई करवाते हैं। राजनीति से लेकर महापौर, सांसद, विधानसभा प्रत्याशी तक के जीवन काल में रायपुर के विकास की भूमि तैयार करने वाले सुनील सोनी है। वर्तमान महापौर जिसके एक भाई जेल में और एक भाई बेल में है को संरक्षण देकर भूपेश बघेल कांग्रेस की मानसिकता उजागर करते हैं। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा, आज कार्यकर्ताओं एवं जनता की विशाल भीड़ ने एक बार फिर बता किया कि रायपुर दक्षिण में फिर से कमल खिलने वाला है। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुनील सोनी के लिए रायपुर दक्षिण में चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपचुनाव संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, शिवरतन शर्मा, भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, मोहन एंटी, जयंती पटेल, अनुराग अग्रवाल, सत्यम दुवा, सुभाष तिवारी, मुकेश शर्मा, मीनल चौबे, मृत्युंजय दुबे, छगन मूंदड़ा, अकबर अली, अमित साहू, केदार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दूसरी बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगन्नाथ मंदिर के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान श्रीमती मुर्मू ने मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए आरती की। फल और मिष्ठान्न भी भेंट किया। विधिवत पूजा के साथ भगवान जगन्नाथ से छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों के कल्याण और समृद्धि की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने संपूर्ण मंदिर का भ्रमण करते हुए देवी देवताओं के दर्शन किए। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगन्नाथ मंदिर यह दूसरा प्रवास था। पिछले वर्ष भी महामहिम द्रौपदी मुर्मू जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान मंदिर समिति के चेयरमैन व रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मंदिर के इतिहास और महत्व की उन्हें जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति ने मंदिर का किया भ्रमण

राष्ट्रपति ने भगवान के दर्शन करने के साथ ही मंदिर में परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आमंत्रित अतिथियों में विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वरिष्ठ नेता छगन लाल मूंदड़ा, मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अमर पारवानी, सतीश छुगानी, राजीव लोचन महाराज, जी.स्वामी, सदन तिवारी, स्वामी परमात्मानंद इत्यादि ने मुलाकात की। अंत में विधायक पुरंदर मिश्रा के परिजनों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी। इस अवसर पर आयुक्त रायपुर संभाग महादेव कांवरे, कलेक्टर आईएएस गौरव सिंह, कमिश्नर आईएएस अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, संयुक्त कलेक्टर निधि साहू, रायपुर डीआईजी, डीआईजी मिलना कुर्रे, एसएसपी आईपीएस संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एसपी मिर्जा बेग, खम्हारडीह थाना के टीआई नरेन्द्र मिश्रा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।






हरिभूमि
# रायपुर भूमि




### टॉप-6 के पटाखे में सबसे अधिक आवाज

दीवाली पर्व के दौरान पटाखे का 120 डेसीबल से अधिक न हो इसके लिए दुकानदारों को हिदायत दी गई है, लेकिन बाजार में चोरी छिपे अधिक नंबर के पटाखे बेचे जा रहे हैं। लाखेनगर में एक दुकानदार ने बताया कि इस टॉप 6 बम की आवाज इस बार और बढ़ गई है। डिब्बे में भी प्लस का चिन्ह लगा हुआ था, जबकि इस तरह के पटाखे बेचना प्रतिबंधित है। यह बात हरिभूमि को दुकानदार ने खुद बताई। पटाखे के डिब्बे में डेसीबल की जानकारी नहीं है। ग्राहक को भी इसकी ध्वनि का अनुमान भी नहीं होता। टॉप 5 तक पटाखे में डेसीबल 110 से 120 तक है, लेकिन टॉप 6 में 130 से 140 तक पहुंच जाता है।

# बाजार में आए कानफाड़ू बम, शोर 130 डेसीबल, कान कर देगा सुन्न

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

दीपावली पर पटाखों का शोर इस बार भी लोगों को खूब परेशान करने वाला है। पटाखों की असहनीय ध्वनि कानों के पर्दे भी फोड़ सकती है, क्योंकि बाजार में 125 डेसीबल से अधिक आवाज के पटाखे बेचे जा रहे हैं। एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट ने 120 डेसीबल से अधिक आवाज करने वाले पटाखों पर रोक लगाई है, जिसके अनुसार बाजार में जो पटाखा बिक रहा ▶▶|शेष पेज 18 पर

**केस 1 भाटागांव, मैदान**

कॉलोनी में टॉप 6 का बम फोड़ने पर 4 सेकंड तक 130 से 140 डेसीबल तक दर्ज किया गया। पटाखे की गूंज 200 मीटर से अधिक दूरी तक देखा गया।

**केस 2 टिकरापारा**

बम की आवाज 125 से 130 तक दर्ज किया गया। कॉलोनी होने से गूंज तेज होने के साथ डेसीबल 15 से 20 सेकंड तक 120 तक रहा।

**केस 3 राजेंद्र नगर**

टॉप 6 नंबर का पटाखे का डेसीबल शाम को 15 से 20 मीटर की दूरी तक 130 तक दर्ज किया गया है। लगभग 20 सेकंड तक डेसीबल मीटर 120 पर ही रहा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के वाहन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। खमतराई पुलिस ने चोरी के दोपहिया वाहन के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी यूपी पासिंग चार वाहनों में घूम रहे थे। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान इन आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी जहीन खान, यासीन खान, इलशाद खान तीनों उत्तरप्रदेश के निवासी है, चौथा आरोपी नाबालिग है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि सभी वाहन को उत्तरप्रदेश से चोरी कर लाए है। सभी के विरुद्ध धारा-35(1+5), 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने एक युवक को चाकू लेकर घूमते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे पुराना संचालनालय के पास चाकू लेकर घूम रहे करण तांडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।


### संचालक तथा ऑफिस में काम करने वाली युवती मृत

# ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट, संचालक समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 में शनिवार को ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में शार्ट सर्किट से एसी ब्लास्ट होने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ऑटोमेशन आर्ट संचालक तथा एक युवती शामिल हैं। घटना के बाद मौके पर जांच करने पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम पहुंच गई है।

पुलिस के मुताबिक, घटना में आरिफ मंजूर खान तथा सेजबहार निवासी मुस्कान उर्फ मशरत खान की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पड़ताल में शार्ट सर्किट की वजह से एसी ब्लास्ट होने की बात सामने आई है। घटना दूसरी मंजिल में हुई। प्रारंभिक पड़ताल में जो बात सामने आई है, उसके मुताबिक मुस्कान तथा आरिफ आग से झुलस गए थे। ऑफिस के अंदर धुंआ भर गया था। आशंका जताई जा रही है कि एसी की गैस तथा धुंए से दम घुटने की वजह से आरिफ तथा मुस्कान ▶▶|शेष पेज 18 पर




घटना देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 में शनिवार शाम साढ़े सात बजे की





#### बूढ़ी मां का एकमात्र सहारा थी मुस्कान

मुस्कान के घर में वह अपनी बूढ़ी मां के साथ रहती थी। मुस्कान घर की अकेली कमाऊ सदस्य थी। मुस्कान के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मुस्कान आरिफ के ऑफिस में इवेंट संबंधित काम देखती थी। आरिफ के दो बेटे हैं, दोनों इवेंट का काम करते हैं।

#### ऑफिस का शीशा चकनाचूर

ऑफिस में तीन एसी लगे हुए थे, उनमें से एक एसी में ब्लास्ट हुआ है। एसी में इतना जबरदस्त ब्लास्ट हुआ कि ऑफिस की बाल्कनी में लगा शीशा टूटकर चकनाचूर होकर नीचे गिर गया। गनीमत यह रही ऑफिस के नीचे कोई बच्चा नहीं खेल रहा था, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

#### घटना के बाद मची अफरातफरी

एसी में विस्फोट इतना जबरदस्त था कि धमाके की आवाज से आसपास के लोग सकते में आ गए। आनन-फानन में पड़ोसी घटनास्थल की ओर दौड़े और ऑफिस के अंदर से धुंआ उठते देख घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड की टीम को दी।

#### स्टाफ को बचाने गया और खुद ही फंस गया

बताया जा रहा है कि ऑफिस के नीचे के माले में ट्यूशन पढ़ रहे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद आरिफ को ऑफिस के अंदर अपने स्टाफ के फंसे होने की जानकारी मिली। इसके बाद आरिफ ने मुस्कान को बाहर निकालने अपने ऑफिस के अंदर गया और डोर अंदर से ऑटोमेटिक लॉक हो गया। डोर के ऑटो लॉक होने के बाद आरिफ तथा युवती अंदर ही फंस गए, उसी समय एसी में ब्लास्ट होने तथा अंदर धुंआ भरने की वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## जीरो वेस्ट हो गया नगर निगम का फिल्टर प्लांट, अब 50 लाख लीटर पानी की बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का फिल्टर प्लांट अब जीरो वेस्ट फिल्टर प्लांट बन गया है, जिससे अब बूंदभर पानी बेकार नहीं जाएगा। नगर निगम के गंदे पानी को दोबारा उपयोग लायक बनाने 12 एमएलडी का री-साइकिल प्लांट लगाया गया है, जिससे प्रतिदिन 50 लाख लीटर शुद्ध पानी शहर को मिलने लगा है। गंदे पानी को शुद्ध बनाने की प्रक्रिया में हर साल 300 टन एलम की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए निगम ने एलम खरीदी करने टेंडर किया है।

- शुद्धिकरण के दौरान बेकार बहता था रोज 50 लाख लीटर पानी

नगर निगम के भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट से जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में रोजाना 50 लाख लीटर गंदा पानी वेस्ट वाटर के रूप में नाले से होकर बिना उपयोग के बह जाता था। इस पानी को दोबारा उपयोग लायक बनाने फिल्टर प्लांट के पास 12 एमएलडी क्षमता का री-साइकिल प्लांट लगाया गया है। प्लांट के शुरू होने से वेस्ट वाटर के रूप में बहने वाले 50 लाख लीटर पानी को कलेक्ट कर उपयोग लायक बनाया जा रहा है। इससे शहरवासियों को पेयजल के लिए 50 लाख लीटर पानी रोज अतिरिक्त मिलने लगेगा, वहीं सिंचाई विभाग के गंगरेल डेम से खरीदे जाने वाले रॉ वाटर की मात्रा कम लगेगी।

#### 50 लाख लीटर पानी की बचत

वेस्ट वाटर री-साइकिल प्लांट लगने से रोजाना 50 लाख लीटर शुद्ध पानी अतिरिक्त रूप से शहर के लिए मिलने लगा है, साथ ही शहर का फिल्टर प्लांट अब जीरो वेस्ट प्लांट बन गया है।
- **नरसिंग फरेंद्र,** प्रभारी अधिकारी, फिल्टर प्लांट, ननि रायपुर

## शराब का नकली होलोग्राम, प्रिज्म होलोग्रॉफी का अकाउंटेट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा शराब घोटाला के मामले में एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रिज्म होलोग्रॉफी सेक्यूरिटी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड के अकाउंटेट सुनील दत्त को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि राज्य में नकली होलोग्राम ▶▶|शेष पेज 18 पर

- एसीबी की टीम ने सुनील दत्त को किया है गिरफ्तार
- आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 28 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया



#### चार माह पूर्व स्टेट हेड की गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि नकली होलोग्राम मामले में एसीबी की टीम ने चार माह पूर्व प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दिलीप ने जांच एजेंसी को बताया है कि नकली होलोग्राम नोएडा से आपूर्ति करने के साथ ही नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन ऑफिस के भूतल कक्ष में नकली होलोग्राम प्रिंट ▶▶|शेष पेज 18 पर






### कोल घोटाला में आरोपी सूर्यकांत सहित चार के नार्को टेस्ट का आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए सूर्यकांत तिवारी सहित चार आरोपियों की एसीबी के विशेष न्यायालय ने नार्को टेस्ट की याचिका शनिवार को खारिज कर दी है। सूर्यकांत सहित घोटाला में आरोपी बनाए गए व्यक्तियों पर पूछताछ में सच छिपाने सहित कई गंभीर आरोप हैं। इस वजह से सच जानने एसीबी ने आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने कोर्ट में आवेदन पेश किया था। कोल घाटाला मामले में आरोपी बनाए गए सूर्यकांत तिवारी जिसे घोटाले का किंग कहा जा रहा है, इसके साथ ही सूर्यकांत के भाई रजनीकांत तिवारी, सूर्यकांत का सहयोगी निखिल चंद्राकर तथा घोटाले के सिंडीकेट में शामिल रोशन कुमार सिंह की नार्को टेस्ट कराने की याचिका कोर्ट ने खारिज की है।

- बचाव पक्ष के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का उदाहरण देकर किया विरोध

#### बचाव पक्ष के इस तर्क पर याचिका खारिज

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के मुताबिक सूर्यकांत सहित घोटाला में आरोपी बनाए गए अन्य तीन के नार्को टेस्ट के लिए लगाए गए आवेदन का विरोध किया गया। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का उदाहरण पेश किया गया। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक रजनीकांत बीमार है। उनकी नियमित दवाएं चल रही हैं। ऐसे में रजनीकांत ▶▶|शेष पेज 18 पर




# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937






## सिटी इवेंट

### हाट बाजार में स्टूडेंट्स ने तैयार किया छत्तीसगढ़ी व्यंजन, झूमर पर ठहरी निगाहें



**रायपुर।** देश के सबसे लोकप्रिय त्योहार दीपावली के दौरान जहां बाजारों में खरीदारों की भीड़ सुबह से देर शाम तक देखने को मिलती है। वहीं दीपावली से पूर्व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बाजार सजाया, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए। शनिवार को छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में शिक्षा एवं वाणिज्य प्रबंध विभाग के विद्यार्थी शामिल हुए। जिन्होंने 'विप्र हाट-बाजार' में अपने स्टॉल सजाए। महाविद्यालय परिसर में आयोजित बाजार में व्यंजनों से लेकर दीपावली से संबंधित साज-सज्जा की दुकानें लगाईं।

#### विद्यार्थियों संग शामिल हुए परिजन

विप्र हाट-बाजार का शुभारंभ मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया। सुबह 11 बजे आयोजित मेले में सौ से अधिक विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने खरीदारी के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया, विप्र हाट-बाजार में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित आकर्षक एवं मनमोहक सजावटी वस्तुएं पेश की गईं, जिसे मुख्य रूप से दीपावली के अवसर पर तैयार किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके परिजन भी शामिल हुए, जिन्होंने बच्चों के कार्यों को सराहा। कार्यक्रम के दौरान मटकीफोड़, मेहंदी, रंगोली व कलश सजाओं प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## आराधना

### आगे मौसम और बिगड़ेगा, हालात भी खाने-पीने की कमी से जीना मुश्किल

**रायपुर।** अभी पंचम आरा चल रहा है। भगवान महावीर द्वारा बताए गए 21 हजार साल के इस कालखंड में अभी 2100 वर्ष ही बीते हैं। मौसम का हाल देख लीजिए। अभी तो सिर्फ मौसम का चक्र बदला है। गर्मी में बारिश, ठंडी में गर्मी का अहसास हो रहा है। आगे ऐसा वक्त भी आएगा, जब सालों तक वर्षा नहीं होगी। बारिश होगी तो इतनी मूसलाधार, कि बाढ़ के साथ बर्बादी भी आएगी। जन्म-मरण के चक्र में फंसी इस आत्मा को सांसारिक जाल से अब भी बाहर निकालने के प्रयास नहीं करेंगे तो अगले भवों में गति और बुरी होगी। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में उपधान तप के अंतर्गत चल रही विशेष प्रवचन श्रृंखला में विराग मुनिश्री ने ये बातें कही। वे समवशरण से पहले 24वें तीर्थंकर प्रभु महावीर द्वारा गणधरों और शिष्यों को दिए गए प्रबोधन के बारे में श्रावक-श्राविकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि समय के साथ लोगों का इस दुनिया में रहना और भी मुश्किल होगा। खाने-पीने लायक चीजें कम मिलेंगी। सात्विक जीवन जीने वाले भी अभक्ष आहार करेंगे। धर्म के क्षेत्र में भी बहुत उतार-चढ़ाव देखने मिलेंगे। कभी लोगों में धर्म के प्रति बिलकुल आस्था नहीं रहेगी तो कभी धार्मिक मान्यताएं अपने चरम पर होंगी।



#### रिश्तों में मर्यादा नहीं रह जाएगी

पंचम आरे के प्रभाव से अभी संयुक्त परिवारों का तेजी से पतन होगा। आगे समय ऐसा भी आएगा, जब समाज में संयुक्त परिवार नाम की अवधारणा ही नहीं रह जाएगी। सगे भाई-बहनों से भी लोग संबंध निभाने की जगह दुश्मनी भुनाएंगे। पुरुष परस्त्री गमन करेंगे तो स्त्रियां भी पुरुषों के मार्ग पर चलकर अपने सतीत्व को नष्ट करने से नहीं झिझकेंगी। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली, आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि उपधान तप के अंतर्गत 110 से ज्यादा तपस्वी साधु भगवंतों की निश्रा में साधु जीवन बिताते हुए धर्म-ध्यान में लीन हैं।

## सिटी लाइव

### कबड्डी में महिलाओं ने दिखया दमखम, कोरबा ने मारी बाजी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। यह प्रतियोगिता केवल महिलाओं के लिए रखी गई, जिसमें कुल 10 सेक्टर की टीमें उपस्थित रहीं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, प्रेक्षक वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नरेश दीवान, विश्वविद्यालय की खेल संचालक प्रो. रीता वेणुगोपाल, छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. राजीव चौधरी, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला प्रो. सीडी आगाशे उपस्थित रहे।

#### फाइनल में कोरबा की जीत

प्रो. रीता वेणुगोपाल ने बताया, कबड्डी स्पर्धा का फाइनल मैच कोरबा सेक्टर और बिलासपुर सेक्टर के बीच खेला गया। इस दौरान शुरुआत से ही टीम कोरबा के खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा था, जो अपने हौसले और चतुराई भरी टेक्निक से दूसरी टीम को हराने में सफल रही। दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने परिसर में सैकड़ों की संख्या में दर्शक व टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कोरबा ने 32 अंक हासिल कर, 10 अंक अधिक लाकर बिलासपुर टीम को हराया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस के प्री-दिवाली मिलन सेलिब्रेशन में महिलाओं ने दी प्रस्तुति

# हम महका करेंगे बनके कली... सोलह श्रृंगार में सास-बहू राजस्थानी गीतों पर जमकर झूमीं

**रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन ना जाई....गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके पश्चात माथे साजे बोरले...लुक छुप ना जाओ जी...म्हारा बन्ना सजे धजे धन परफ्यूम लगावे...जैसे अनेक राजस्थानी गीतों पर महिलाएं झूमती रहीं। इस दौरान एकल व सामूहिक नृत्य की प्रसतुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान लगातार 20 से अधिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसमें राजस्थानी गीत महिलाओं की पहली पसंद रहे। हम बात कर रहे है, शनिवार को आयोजित दीपावली मिलन समारोह की। जहां रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस प्री-दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**रायपुर।** शहर स्थित निजी होटल में दोपहर 3 बजे से आयोजित कार्यक्रम देर शाम तक आयोजित किया गया। जहां 60 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। क्लब की सदस्य नीतू सिंघानीया ने बताया, प्रत्येक वर्ष क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। जहां सभी पारंपरिक परिधान में शामिल होती हैं। इस वर्ष राजवाड़ा थीम पर सभी महिलाएं मौजूद रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, सचिव श्वेता शर्मा, चेयरपर्सन प्रियंका गुप्ता, ट्रेजरर तनुश्री अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रही।



#### क्विज और हाउजी प्रतियोगिता

समारोह में 3-4 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज व हाउजी भी शामिल रहे। क्विज में पुराने सदाबहार गीतों को महिलाओं को पहचान कर गीत गाने कहा गया। इस दौरान गायिका लता मंगेशकर का लोकप्रिय गीत रहें ना रहें हम महका करेंगे, बनके कली...सागर किनारे दिल ये पुकारे, तू जो नहीं तो मेरा कोई नहीं है...गीत गुनगुनाए गए।



#### सास-बहू की हास्य जुगलबंदी

राजस्थानी भाषा-बोली में सास-बहू की हास्य जुगलबंदी नाटक आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सास व बहू के बीच बातचीत को दिखाने का प्रयास किया गया। इस दौरान आधुनिक युग की बहू और पुराने दौर की सास की विचारों पर नाटक की प्रस्तुति दी गई। हास्य से भरपूर नाटक ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं, पांच मिनट का यह नाटक महिलाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।







#### बच्चों संग मनाया प्री-दीपावली मिलन समारोह...

रोटरी क्लब ऑफ क्वींस और इंटरैक्ट क्लब ऑफ पिनेकल के संयुक्त तत्वावधान में प्री-दीपावली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य शहर स्थित सरकारी स्कूल पहुंचे। जहां सभी ने मौजूद स्कूली बच्चों को भोजन में अनेक व्यंजन परोसे। इस दौरान रोटरी क्लब की महिलाओं द्वारा बैंच, टेबल फैन, दरी, माइक-स्पीकर बॉक्स, आलमारी, वाटर डिस्पेंसर जैसे अनेक उपकरण उपहार स्वरूप विद्यालय को भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान क्लब की प्रेसिडेंट धृति दवे, सचिव मनप्रीत कौर वालिया, चैरपर्सन सोनिया कुकरेजा उपस्थित रहीं।

#### दीपावली मिलन समारोह में राजवाड़ी थीम

*राजस्थानी संस्कृति एवं परंपरा का दृश्य समारोह में देखने को मिला। जहां महिलाएं राजवाड़ी वेशभूषा में पहुंचने के साथ ही पारंपरिक भाषा-बोली में बात करती रहीं। जहां लहंगा, चूड़ी, माथ टीका, नथनी व सोलह श्रृंगार कर महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत पोज कॉम्पिटिशन के साथ की गई, जिसमें शानदार प्रस्तुति देते हुए श्वेता शर्मा और अनामिका चौधरी ने प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया।*





## आयुष के दीक्षांत में राष्ट्रपति से 55 मिनट में 25 मेडिकल स्टूडेंट्स को मिले, 33 उपाधि व गोल्ड मेडल

# बचपन में बीमार पिता के दर्द को बनाया ताकत, बच्चे की दर्दनाक सर्जरी ने बना दिया सर्जन, अब सेवा का संकल्प

*'बचपन में पिता को बीमार देख जिस बेटी ने उनकी पीड़ा महसूस की, पढ़ाई के दौरान उसे ही अपनी ताकत बनाया। मेहनत रंग लाई तो शनिवार को नया रायपुर में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों उपाधि के साथ गोल्ड मेडल मिला। सफलता की उड़ान 11 वर्षीय बच्चे के पेट में त्रिशूल घुसने से उसे सर्जरी के जरिए बचाने वालों की सेवा देखने वाली ऐसी ही एक बेटी सर्जन बनी। अभिभावकों के बीच उन्हें उपाधि व गोल्ड मेडल मिला।''*

#### मेडिकल का ज्ञान पूर्ण, अब सिविल सेवा की राह



आयुर्वेद संकाय के अंतर्गत सृष्टि शुक्ला को बीएएमएस में सर्वोच्च अंक के लिए विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और दानदाता स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। शासकीय आयुर्वेद कॉलेज बिलासपुर में इंटर्नशिप कर रहीं सृष्टि के पिता संजय शुक्ला ट्रायबल डिपार्टमेंट में हैं, जबकि मां रीना शुक्ला गृहिणी हैं। सृष्टि बताती हैं कि एक बार बचपन में जब पिता बीमार पड़े तो मेडिकल का ज्ञान प्राप्त करने की ठानी। अब जब मेडिकल शिक्षा पूर्ण हो चुकी हैं तो वे सिविल सर्विस के क्षेत्र में जाकर देशसेवा करना चाहती हैं।

#### बायो में दिलचस्पी ने बना दिया सर्जन



श्वेता शर्मा को पीजी मेडिकल के जनरल सर्जरी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए मेडल दिया गया। मूलतः ओडिशा की रहने वाली श्वेता ने मेडिकल कॉलेज रायपुर से पढ़ाई पूरी की है। मेडिकल बांड के तहत फिलहाल वे महासमुंद में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनके पिता अजय शर्मा बिजनेसमैन हैं, जबकि मां अंबिका गृहिणी हैं। वे बताती हैं कि एमबीबीएस करने के दौरान एक केस आया। 11 वर्षीय बालक के पेट में त्रिशूल घुस गया था। उसे सर्जरी कर बचा लिया गया। इसके बाद मुझे भी लगा कि सर्जन ही बनना है।

**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय नवा रायपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में शनिवार को सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, साढ़े तीन बजे विश्वविद्यालय कैम्पस पहुंचीं। जहां लाल चंदन का उन्होंने पौधा रोपित किया। इसके बाद स्वर्ण पदक एवं एमसीएच उपाधिधारियों को एक-एक कर मंच पर आमंत्रित कर मेडल से सम्मानित किया। इस दौरान विद्यापरिषद, प्रबंधन समिति तथा शासन के अधिकारियों के साथ राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी फोटो ग्रुपिंग का हिस्सा बने। इसके बाद दीक्षांत शोभायात्रा में कुर्ता-पैजामा पहने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र नजर आए। वहीं छात्राएं भी तय रंग की साड़ी में शामिल हुईं। मंचस्थ विशिष्टजनों का पहनावा भी सफलता व समानता का साक्षी रहा।

#### 25 विद्यार्थियों को मिले 33 गोल्ड मेडल



अतिथियों ने मंच पर पहुंचे तो पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान वादन और दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा निभाने के बाद कुलसचिव डॉ. एसके चटर्जी ने कुलाधिपति की अनुमति से दीक्षांत समारोह प्रारंभ किया। सबसे पहले कुलपति प्रो. पीके पात्रा ने स्वागत उद्बोधन में अकादमिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। कुलाधिपति की अनुमति से 6 एम. सीएच , 606 स्नातकोत्तर, 5725 स्नातक कुल 6337 उपाधि प्राप्तकर्ताओं को उपाधि देने की घोषणा कुलपति प्रो. पात्रा ने की। समारोह में 4 एच. सीएच. उपाधि प्राप्तकर्ताओं एवं 25 छात्र, छात्राओं को उपाधि के साथ 33 गोल्ड मेडल राष्ट्रपति ने अपने हाथों से प्रदान किया।

#### विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को आप जैसे चिकित्सकों से बहुत उम्मीदें है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने उपाधि प्राप्तकर्ताओं एवं गोल्ड मेडल अर्जित करने के लिए मेहनत एवं लगन के लिए सभी उपाधि व गोल्ड मेडल पाने वालों की प्रशंसा की। उन्होंने चिकित्सकों के दायित्वों एवं कर्तव्यों का भी स्मरण कराया। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने दीक्षांत भाषण में सहज भाषा में आशीर्वचन दिए। साथ ही याद दिलाया कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, इसमें उत्तम लोक स्वास्थ्यकारक होगा। इसमें चिकित्सकों का योगदान जरूरी होगा। यह जानकारी आयुष के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुपर्ण सेन गुप्ता ने दी।

#### पैरेंट्स डॉक्टर, मार्गदर्शन ने बना दिया एमबीबीएस टॉपर



अली असगर नकवी को एमबीबीएस प्रथम वर्ष में सर्वोच्च अंक के लिए मेडल दिया जाएगा। उनकी पढ़ाई अभी जारी है, लेकिन प्रथम वर्ष पूर्ण होने के कारण पदक उन्हें प्रदान किया जा रहा है। उनके पिता जव्वाद नकवी और माता सुबुही नकवी रामकृष्ण केयर अस्पताल में चिकित्सक हैं। अली बताते हैं कि पैरेंट्स के डॉक्टर होने का लाभ उन्हें मिला। उनका कहना है कि जूनियर डॉक्टर को मिलने वाले स्टायपेंड में वृद्धि होनी चाहिए। इसके अलावा अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

#### पढ़ाई का शौक व सेवा भावना..

मूल रूप से चिरमिरी निवासी डॉ. शबा फिरदौस को एमबीबीएस की परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने के लिए उपाधि के साथ गोल्ड मेडल दिया गया। डॉ. शबा अभी अंबिकापुर के सरकारी अस्पताल में सेवा दे रही हैं। चर्चा में उन्होंने बताया कि मुझे बचपन से ही पढ़ाई का शौक था। इसके साथ ही सेवा की भावना भी रही। लोगों को किसी बीमारी से पीड़ित देखकर उन्हें राहत कैसे दे सकते हैं, इसकी फिक्र रही। परिवार में पापा प्राइवेट सेक्टर में सीनियर क्लर्क रहे तो माताजी गृहिणी होने के साथ दूरदर्शी हैं। आयुष में मुझे तीन अलग-अलग क्षेत्र के लिए उपाधि और गोल्ड मेडल दिया है। मैं आगे भी चिकित्सा के क्षेत्र में ही बेहतर करना चाहती हूं।




LAVISH LIFE
LUXURY FURNITURE & HOME DECOR
FESTIVAL DISCOUNT
UP TO 70%*
COMPLETE DISPLAY RANGE OF
IMPORTED & INDIAN FURNITURE
Luxury L shape sofa set
LAVISH LIFE
EXCHANGE OFFER
EXCHANGE OLD FURNITURE WITH NEW ONES.
GIVE YOUR HOME A NEW LOOK.
Customised furniture, Bedroom set , Wardrobe, Luxury Sofa Set ,
Modular kitchen , Dining Table Set, Centre Table and Complete Interior solution available
0% EMI INTEREST
Marble Dining Table
luxury bedroom set
luxury L Sofa set
Premium Modular Kitchen
Onyx Marble Dining Table
luxury bedroom set
Center Table
Console
Dressing Table
Center Table
jhulla
टर्निंग पाईंट चौक शंकर नगर की ओर
अवंतिबाई चौक लोधीपारा
मेन रोड पन्ड्री
LAVISH LIFE
100 मीटर की दूरी पर
Beside Mowa Bridge, Near Lodhipara Chowk, Main Road
Pandri, Raipur, Mo.: 6268432718 , 8746825528
Scan For Google Location

# जहां से राष्ट्रपति गुजरीं वहां की सड़क चकाचक, बाकी को मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में राष्ट्रपति जिस मार्ग से होकर गुजरीं, वहां की सड़कें रातों-रात चकाचक हो गईं, बाकी जगह की सड़कों को नवंबर का इंतजार है। अधिकारियों का कहना है, डामर प्लांट अभी शुरू नहीं हुआ। इनमें से आउटर के इलाके की कुछ सड़कें ऐसी भी हैं, जिनके डामरीकरण का प्रस्ताव शासन स्तर पर मंजूरी के लिए लंबित है। खस्ताहाल सड़कों से आने-जाने वालों को रोज परेशानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

**केस 1**

### आरडीए कालोनी से ग्रीन सिटी बोरियाखुर्द मार्ग



कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित आरडीए कालोनी से ग्रीन सिटी बोरियाखुर्द सड़क डामरीकरण का कार्य अरसे से लंबित है। 65 लाख रुपए का प्रस्ताव निगम आयुक्त के हस्ताक्षर से शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। फंड नहीं मिलने से कार्य लंबित है। इसी तरह कांदुल मुख्य मार्ग से निखिल विहार की सड़क डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 40 लाख रुपए का प्रस्ताव जोन 10 कमिश्नरी के माध्यम से शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर ने बताया, रोजाना इस मार्ग से सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है, खस्ताहाल सड़क की मरम्मत की लगातार मांग वार्डवासी कर रहे हैं। प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजा है, शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित होने से सड़क डामरीकरण नहीं हो पाया। कांदुल से साईंनगर सड़क डामरीकरण प्रस्ताव भी लंबित है।

**केस 2**

### आमासिवनी संतोषी मंदिर मार्ग की सड़क



मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित आमासिवनी के संतोषी मंदिर मार्ग की सड़क बेहद खस्ताहाल स्थिति में है। डामर की परत जगह-जगह से उखड़ चुकी है। सड़क पर गिट्टी बिखरने और जगह-जगह गड्ढा बनने से लोग परेशान हैं। भुक्तभोगियों ने बताया 3 साल पहले 35 लाख रुपए के सड़क डामरीकरण का प्रस्ताव जोन के माध्यम से स्वीकृति के लिए भेजा गया। इसकी आज तक स्वीकृति नहीं मिल पाई।

**केस 3**

### गोल चौक से डीडीनगर रोड

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में गोल चौक से डीडीनगर मार्ग सड़क डामरीकरण के लिए 10 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया। इसमें मुख्य मार्ग के सड़क डामरीकरण से लेकर पेवर लगाने और डीडी नगर सेक्टर की सड़कों की मरम्मत का कार्य शामिल है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गोल चौक से डीडीनगर मार्ग की सड़क तो चकाचक कर दी गई, पर सेक्टर इलाके वाली सड़क अभी भी खस्ताहाल स्थिति में है। नगर निगम ने पेवर लगाने का काम भी पूरा नहीं किया। वार्ड पार्षद मधु चंद्रवंशी ने बताया कि डीडी नगर के सेक्टर इलाके की सड़क ज्यादा खस्ताहाल है, वहां डामरीकरण की ज्यादा जरूरत है।

## विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण : शेखर



रायपुर। बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) कोलकाता द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान पंडरी में तीन दिवसीय आयोजित प्रदेश के को-ऑपरेटिव बैंकों के अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नाबार्ड महाप्रबंधक शीतांशु शेखर ने प्रतिभागियों को संबोधित हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशन में वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। देश के आर्थिक विकास का आधार सहकारिता है। विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूह, फार्मर प्रोड्यूस आर्गेनाजर तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जोड़ना है, जिससे कि वह आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैंकिंग में कंप्लायंस, साइबर सिक्योरिटी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कांडे, उप महाप्रबंधक अपेक्स बैंक व छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक भूपेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### कृष्ण स्वरूप गुप्ता



रायपुर। टैगोर नगर निवासी कृष्ण स्वरूप गुप्ता (मुरली बाबू) का 26 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अक्टूबर को सुबह 9 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिमेष गुप्ता, मधुरेश गुप्ता और अभिलाषा गुप्ता के पिता थे।

### पं. कीर्ति भूषण पाण्डेय



रायपुर। टाटीबंध निवासी आचार्य पं. कीर्ति भूषण पाण्डेय (किरीतपुर वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अक्टूबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे योगेश चंद्र, सोमेश चंद्र, विभूति भूषण, अखिल नारायण व प्रशांत पांडेय के अग्रज थे।

# दक्षिण विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस नेताओं ने रणनीति बनाई है। कांग्रेस नेताओं ने सभी सेक्टर तथा बूथ एवं वार्ड प्रभारियों को उनके क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी। सभी ब्लाकों में तथा कुल 19 वार्डों में विधानसभा क्षेत्र को बांटकर वरिष्ठ नेताओं को प्रभार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बात के लिये एकजुटता दिखाई कि दक्षिण विधानसभा में अबकि बार कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। ब्लाक या वार्ड या स्थानीय वोटर को चिन्हित कर सकते हैं। सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करना है। भाजपा सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है।

- वरिष्ठ नेताओं की नुक्कड़ सभाएं कराई जाएंगी

विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, चुनाव में सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर दिया है। भाजपा की सरकार ने सामाजिक वातावरण को खराब किया है। सरकार के खिलाफ वातावरण बना सकते हैं। भाजपा सरकार ने 10 महीने में अराजकता फैलायी है। भाजपा सरकार की अराजकता को लोगों को बताना है।

विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं को दी गई जवाबदारी




### घर-घर जाकर वोटरों से करें अपील- जांगिड़

एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा, पूरी ताकत से चुनाव लड़ना है। भाजपा के लोग भ्रम फैलाने का काम करते हैं। बूथ में मतदाता चिन्हित करना है। प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर काम करना है, लोगों को सक्रिय करना है। घर-घर जाकर अपील करना है, कम से कम घर-घर में तीन बार जाना है। वरिष्ठ नेताओं की नुक्कड़ सभा कराने का प्रयास कराएं। जो साथी काम करने में सहमत हैं, वही काम करने आगे आयें। कोई 5 मुद्दे लेकर जनता के बीच जायेंगे। प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है, चुनाव को गंभीरता से लेना है। जो नेता काम करे उनसे सहयोग लें। वार्ड वाइस प्रभारी को जिम्मेदारी दी है। सभी आज से अपने प्रभार क्षेत्र में काम शुरू कर दें।

### महंत के नेतृत्व में हुई बैठक

महत्वपूर्ण बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी एसए सम्पत कुमार, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, उमेश पटेल, अनिला भेड़िया, गुरू रूद्रकुमार ने अपने सुझाव दिया। बैठक में कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक और कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

# नरदहा-धनसुली सड़क चौड़ीकरण डेढ़ साल से अधूरा, लोग हो रहे परेशान

ठेका एजेंसी को निर्माण कार्य 3 जनवरी 2023 तक करना था पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में नरदहा-धनसुली सड़क चौड़ीकरण का कार्य पिछले डेढ़ साल से अटका पड़ा हुआ है। इस सड़क को चौड़ीकरण करने का काम वर्ष 2022 में नवापारा अंबिकपुर की एजेंसी को सौंपा गया था। टेंडर के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण के साथ पुल-पुलिया काा मजबूतीकरण किया जाना था। इसके लिए एक वर्ष का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन टेंडर की समय-सीमा खत्म हुए डेढ़ वर्ष से भी अधिक हो चुका है। बावजूद सड़क का काम अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इसके कारण इस सड़क से आवागमन करने वाली वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 3.80 किलोमीटर लंबी नरदहा-धनसुली मार्ग को चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुल-पुलिया के साथ कार्य करने के लिए टेंडर जनवरी 2022 में निकाला था। इस टेंडर को नवापारा अंबिकापुर की एजेंसी प्रकाश चंद को दिया गया था। यह टेंडर 857.00 लाख रुपए दिया गया है। सूत्रों के अनुसार इस एजेंसी को टेंडर के अनुसार एडवांस राशि का भुगतान भी किया गया था, जिसके बाद एजेंसी द्वारा इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। टेंडर के अनुसार एजेंसी को इसका निर्माण कार्य 3 जनवरी 2023 तक पूर्ण करना था, लेकिन यह काम अब तक अधूरा है।



### डामरीकरण का काम अटका

एजेंसी ने टेंडर के अनुसार सड़क को चौड़ीकरण का काम पूर्ण कर लिया है, लेकिन सड़क को अब तक डामरीकरण नहीं किया गया है। इसके कारण इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी को कार्य से संबंधी राशि का पूरा भुगतान हो चुका है। इसके बाद भी एजेंसी इसका निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं कर पाई है।

## पेज 15 के शेष ...

### बाजार में आए...

है, वह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। हरिभूमि ने बाजार से टॉप 6 नंबर का बम खरीद कर शहर के अलग-अलग कॉलोनी में फोड़कर डेसीबल की पड़ताल की। पटाखों की आवाज 120 की जगह 10 से 15 मीटर के अंतराल में 130 से भी अधिक रही। इसके अलावा ध्वनि स्रोत से दूरी 0.9 मील तक दर्ज की गई। विशेषज्ञों के अनुसार इस तेज ध्वनि से कान के पर्दे भी फट सकते हैं। इसके अलावा सुनने की क्षमता भी कम हो सकती है। कानों में झनझनाहट 1 से 2 घंटे तक बनी रह सकती है। इससे बुजुर्गों को अधिक समस्या होगी, जिनकी उम्र 70 से 100 के बीच है। इतना डेसीबल पटाखा कान को पूरी तरह से शून्य भी कर सकता है।

### ऑटोमेशन आर्ट के...

की मौत हुई होगी। धुंआ उठते देख बच्चों को बाहर निकाला : जहां घटना घटित हुई, वहां क्लीनिक के साथ ट्यूशन क्लास संचालित की जाती है। ऑटोमेशन आर्ट के संचालक आरिफ ने अपने ऑफिस से धुंआ उठते देख नीचे उतरा ट्यूशन पढ़ने आए बच्चों को अपने ऑफिस के अंदर से धुंआ उठते देख बच्चों को जाने के लिए कहा। दोस्तों से कहा था- जल्द मिलने आऊंगा : आरिफ के दोस्तों के मुताबिक, आरिफ ने शाम साढ़े छह बजे के करीब अपने दोस्तों को कॉल कर जल्दी काम निपटाकर मिलने आने की बात कही थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद आरिफ के परिचित अस्पताल पहुंचे, उन्हें घटना को लेकर यकीन ही नहीं हो रहा है।

### शराब का नकली...

के माध्यम से शराब की अवैध तरीके से बिक्री कर घोटाला किया गया। सुनील दत्त पर शराब घोटाला करने नकली होलोग्राम खपाने का आरोप है। पुलिस ने सुनील दत्त को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 28 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है। एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक सुनील दत्त वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय में नकली होलोग्राम का लेखा-जोखा रखता था। सुनील दत्त असली होलोग्राम के साथ गलत तरीके से डुप्लीकेट होलोग्राम का नोएडा से रायपुर परिवहन करने का काम करता था। इसमें पूर्व में जब्त परिवहन में उपयोग में आने वाले इंवाइस, जिसमें नकली होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे, उस पर सुनील दत्त के हस्ताक्षर भी होते थे। सिंडिकेट के मुख्य आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी की मिलीभगत से प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता द्वारा फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध करवाए थे।

### चार माह पूर्व स्टेट...


किया जाता था। दिलीप से पूछताछ में सुनील दत्त का भी नाम सामने आया था। इसके अलावा एसीबी की टीम ने अनवर ढेबर के धनेली स्थित फार्म हाउस के खेत की जेसीबी से खुदाई कर बड़ी मात्रा में नकली होलोग्राम के अधजले रोल जब्त किए थे।

### बचाव पक्ष के इस...

का नार्को टेस्ट कराए जाने पर उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता। नार्को टेस्ट में दी जाने वाली दवाओं का साइड इफेक्ट होता है। इस वजह से भी नार्को टेस्ट का विरोध किया गया। घोटाले के आरोपियों ने भी नार्को टेस्ट कराए जाने को लेकर असहमति व्यक्त की थी।




Godrej
DIL BOLE
WOW
WITH GODREJ APPLIANCES.
UP TO ₹12,000/-* CASHBACK
UP TO 1 YEARS EXTENDED WARRANTY*
ZERO DOWN PAYMENT EASY EMI*
FIXED EMI STARTING FROM ₹1,300/-*
5 YEARS COMPREHENSIVE WARRANTY ON SPLIT AC's WORTH ₹7990/-* FREE. NO HIDDEN COST.
SOCH KE BANAYA HAI
95%+ FOOD DISINFECTION** REFRIGERATORS
STEAM WASH TECHNOLOGY WASHING MACHINES DISHWASHERS
INDIA'S FIRST LEAKPROOF SPLIT AC AIR CONDITIONERS
HEALTHY AIR FRY MODE MICROWAVE OVENS
POWER SAVING D-COOL TECHNOLOGY DEEP FREEZERS
AUTOCOOL TECHNOLOGY AIR COOLERS
Godrej smart care PROFESSIONALS AT YOUR CALL
RATED No.1 IN AFTER-SALES SERVICE
• 24 X 7 CALL CENTRE, • VISIT UP TO 9 PM, • WEEKEND SERVICE
Call: 1800 209 5511 Message "Hi" on WhatsApp on 93216 65511
Recyclable material. Dispose responsibly. To know more visit: https://www.godrej.com/green-think.
SCAN HERE TO KNOW MORE
www.godrej.com/appliances
GodrejAppliance
GodrejAppliances
GodrejAppliance
*TnC Apply: http://bit.ly/GATnC_ **Features vary by models #Based on independent consumer survey conducted in Dec'23-Jan'24. For details, visit http://bit.ly/GATnC


Universal Services
Beside Hari Shankar College, Shankar Nagar Main Road, Raipur, 9977200000
Chandan Complex, Near City Kotwali, Raipur, 8643001606


Dr Neeraj 'S Cosmetic Krafts
LASER, LIPO, HAIR TRANSPLANT
1st Time in RAIPUR (C.G.) The Original,
The G.O.A.T of Skin Care HAYDRAFACIAL MD ELITE
ADVANCE MACHINES FOR SATISFACTORY RESULTS
Hair Removal Reinvented
Alma Soprano Titanium World Best Diode Laser For Permanent Hair Removal (One and Only in Entire Central India)
Doublo Gold HIFU
Swiss Lipousrg Pal Liposuction System
Kernel 5000c Excimer Laser
Vivace MNRF
Alma Soprano Ice Titanium Laser (USFDA)
Hydrafacial Elite Machine
Fraxic Co2 Laser
Korean Nd-yag Pico Laser
SERVICES & FACILITIES
COSMETIC KRAFTS (Surgical): Rhinoplasty, Blepharoplasty, Brow Lift, Face & Neck Lift, Fat Grafting, Hymenoplasty, Barbie Vaginoplasty
COSMETIC KRAFTS (Non Surgical): Chemical Peeling, Botox, Filler, Skin Booster, Doublo Gold HIFU (for Double Chin), Synergy Plus Hydrafacial, BB Glow Therapy, Glutathion Skin Glow Therapy, Thread Lift
LIPO KRAFTS: Liposuction, Tummy Tuck Abdominoplasty, Arm/Thigh Lift, Gynecomastia, Mommy Makeover, Daddy Makeover
BREAST KRAFTS: Breast Augmentation, Breast Reduction, Breast Lift, Breast Reconstruction
HAIR KRAFTS: Hair Transplant FUE/FUT/DHT, PRP, GFC, PRF Therapy, Diode Laser Hair Removal, Nido Hair Replacement
LASER KRAFTS: Diode LASER Hair Removal, Nd-YAG LASER for Hollywood Facial, LASER Toning, Melesma, LASER Tattoo Removal, FRAXIS CO2 LASER Facial Rejuvenation
SCAR KRAFTS: Scar Revision Surgery, C02 LASER Scar Resurfacing, Vivace MNRF for Acne Scar, Stretch Mark Surgery/LASER
VITILIGO KRAFTS: Excimer Light therapy, Narrow Band UV therapy, Melanocyte Transfer, Ultrathin Skin Grafting
Services
Laser Krafts: Diode Laser Hair Removal, CO2 Fractional Laser Facial Resurfacing, Laser Hollywood Facial, Laser Tattoo Removal, Lip Lightening Laser, Acne Scar Laser Treatment
Scar Krafts: Scar Revision Surgery, Strech Mark with ViVace & Fraxis CO2 laser, Acne Scar Vivace MNRF, Scar Co2 Laser Modulation
Lipo Krafts: Back Liposuction, Tummy Liposuction, Thigh Lift, Arm Lift, Tummy Tuck (Lipoabdominoplasty), 6 Pack Surgery
Gynacomastia Liposuction & Makeover Krafts: Gynecomastia Liposuction (Man Boob), Daddy Make Over, Mommy Make Over
Breast Krafts: Breast Lift, Breast Reduction, Breast Augmentation
Cosmetic Krafts (Surgical): Rhinoplasty, Blepharoplasty, Dimple Creation Surgery, Fat Grafting, Hymenoplasty Virginity restoration, Genital Rejuvenation
Hair Krafts: Hair Transplant, PRP, GFC, PRF
Cosmetic Krafts (Non Surgical): Hydrafacial Elite MD, Botox, Doublo Gold HIFU Face Lift, Vivace MNRF Facial Rejuvenation
Dr. Neeraj Pandey (Director, Cosmetic Krafts) MBBS, DNB Plastic Surgery, IFAAS (Italy), MNAMS, Fellowship in Hair Transplant Fellowship in Liposuction and Body contouring (Personiks), Consultant, Plastic, Cosmetic & Hair Transplant Surgeon
Liquid Rhinoplasty, Glutathion Skin Glow Therapy, Thread Lift, Dark Circles, Lip Fillers, B B Glow Therapy, Chemical Peeling, Vitiligo Laser & Surgery
Dr. Kshama Pandey (Director, Cosmetic Krafts) MBBS, Fellowship in ABAM (USA), MISAM Fellowship in Aesthetic Medicine & LASER (ILAMED, Delhi) Consultant Medical Aesthetician
91791 55966 | 0771 4055966 | 47/B-6, Civil Lines, Near ICICI Bank, Ambedkar Chowk, Raipur - 492001

# झारखंड में ओपी, केदार, विजय, तोखन ने संभाला मोर्चा, महाराष्ट्र में भी प्रदेश के कई नेताओं को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के साथ प्रदेश के कई नेता इस समय झारखंड में मोर्चा संभाले हुए हैं। प्रदेश के कई नेताओं को महाराष्ट्र का जिम्मा दिया गया है। कई नेता इस समय वहां पर हैं। एक-दो दिनों में सबकी वापसी होगी, इसके बाद सभी फिर से दीपावली के बाद अपने-अपने जिम्मे वाली विधानसभा का मोर्चा संभालने जाएंगे।

- प्रदेश के 60 से ज्यादा नेताओं को दिया गया है दो राज्यों की विधानसभाओं का जिम्मा

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने काफी पहले से उन राज्यों में चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी थी, जहां पर चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ था। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र और झारखंड का भी नाम है। अब तो इन राज्यों में चुनाव का ऐलान भी हो गया है। इसी के साथ प्रदेश के जिन नेताओं को इन राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है, वे नेता लगातार वहां जा रहे हैं। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है। महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिंहा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व विधायक रंजना साहू नांदेड़ दक्षिण, आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ उत्तर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है। इनमें से ज्यादातर नेता इस समय महाराष्ट्र में ही है।



### झारखंड में इनको जिम्मा

झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। इसी के साथ और कई नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है। इस समय ज्यादातर नेता अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में हैं।

# चैंबर और कैट ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स और कैट की सीजी चेप्टर इकाई ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने आया त्योहार चलो बाजार अभियान शुरू किया है। इसके तहत समाज के जरूरतमंद लोगों के घरों में रोशनी लाने 11 हजार मिट्टी से बने दीपों का वितरण किया गया। रवि भवन जयस्तंभ चौक पर इस कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की।

- चाइनीज लाइटों और विदेशी डेकोरेटिव चीजों का बहिष्कार करने की अपील

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि दीप वितरण कार्यक्रम चैंबर की ओर से एक छोटी सी पहल है। इसके माध्यम से प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों और आम जनता से यह अपील है कि वे चाइनीज



लाइटों एवं चाइनीज डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर मिट्टी के दीए जलाएं। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दे सकते हैं। चैंबर और कैट सीजी चेप्टर इकाई के दीप वितरण कार्यक्रम में 11-11 दीपों का 1 हजार पैकेट तैयार कर 11 हजार दीपक वितरित किए गए। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, कैट सीजी चेप्टर के परमानंद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, मंत्री रतन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक रेखा रानी ने किया स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस क्रम में शनिवार को सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। रेखा रानी ने इस दौरान कहा कि मतदान सामग्री का वितरण एवं वापसी इंजीनियरिंग कॉलेज से किया जाना है, जिसे व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों के लिए स्ट्रॉग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने बैरिकेड्स की अच्छी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**डाकमत पत्र समय-सीमा पर वितरण करें :** प्रेक्षक रेखा रानी ने कहा कि पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना लें और समय-सीमा के भीतर वितरण करें।

### कलेक्टोरेट कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का रिकॉर्ड रखने के निर्देश

व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने कलेक्टोरेट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक भी ली, जिसमें उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में आने वाले शिकायतों का रिकॉर्ड रखे। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि प्रत्याशी के तय होने के बाद से उनके सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए और पैड न्यूज की निगरानी भी की जाए। उन्होंने कहा कि फोन कॉल के माध्यम से पहुंचने वाली शिकायतों की तुरंत जांच की जाए, साथ ही राजनैतिक कार्यक्रमों एवं रैलियों की वीडियोग्राफी कराई जाए। इस बैठक में सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक के साथ पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा ने एसएसटी एवं एफएसटी चेक पाइंट का भी निरीक्षण किया।





